स०07/01/2015-16-के०सि०से०सां०क्री०बों०

भारत सरकार

कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग

केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक तथा क्रीडा बोर्ड

कमरा न० 361 'ब' विंग , लोक नायक भवन,
खान मार्केट, नई दिल्ली-110 003

दिनांक : 15-09-2015

# परिपत्र

विषय : अंतर-मंत्रालय क्रिकेट प्रतियोगिता 2015-16

अंतर-मंत्रालय क्रिकेट प्रतियोगिता 2015-16 का प्रारंभ दिनांक 12 अक्टूबर, 2015 से के०सि०से०सां०क्री०बों० के विनय मार्ग खेल परिसर पर होने जा रहा है, जो मंत्रालय प्रतियोगिता में भाग लेने मे रुचि रखते हैं 500/- रुपये की फीस के साथ प्रविष्टि (Entry) निर्धारित प्रोफार्मा में (पहले से ही परिचालित) केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक तथा क्रीडा बोर्ड मे जमा करवा सकते है। प्रविष्टि के प्रस्तुत करने के लिए अंतिम तिथि 05 अक्टूबर, 2015 है । एक मंत्रालय से केवल एक ही टीम प्रतियोगिता मे हिस्सा ले सकती है। कोई भी प्रविष्टि बिना फीस के स्वीकार नही की जाएगी । टीम के सदस्यो की संख्या (मैनेजर को छोड़ कर) 16 से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

2. क्रिकेट प्रतियोगिता का ड्रॉ 06 अक्टूबर, 2015 को 4.00 बजे केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक तथा क्रीडा बोर्ड के कार्यालय में निकाला जाएगा ।

3. अंतर - मंत्रालय प्रतियोगिता में प्रविष्टि आदि भेजने के लिए तथा भाग लेने के लिए पात्रता की शर्तों के लिए नियमों और विनियमों के बारे में जानकारी कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट(persmin.nic.in/DOPT/Welfare/Sports/About Sports Board) पर उपलब्ध हैं।

राजू बग्गा

(राजू बग्गा)

सहायक सचिव (के०सि०से०सां०क्री०बों०)

मंत्रालयों / विभागों में सभी कल्याण अधिकारी.

श्री अशोक कुमार सिद्धू, संयोजक (क्रिकेट) (9891424345)